संख्या-234/2026/2707/सैंतीस-2-2026-2071456

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक-13 नवम्बर, 2026

विषयः-राज्य पशुधन मिशन (एस.एल.एम.) के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राज्य पशुधन मिशन (एस.एल.एम.) के सम्बन्ध में निम्नानुसार क्रियान्वित किया जाना है:-

1- विजन एवं मिशन

1.1 विजन

उत्तर प्रदेश को पशुधन क्षेत्र में **राष्ट्रीय स्तर का अग्रणी और नवाचार केंद्र** बनाना।

1.2 मिशन/प्रमुख उद्देश्यः

1. पशुधन आधारित उद्यमिता का विकास- ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार सृजन (बकरी, भेड़, डेयरी, सूकर, कुक्कुट आदि), लाइवस्टॉक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना। चारा एवं पशु आहार उत्पादन क्षेत्र में उद्यमिता विकास।
2. पशु उत्पादकता एवं उत्पादन में बृद्धि एवं मूल्य सम्वर्धन।
3. पशु उत्पादों की वैश्विक बाजार तक पहुँच बढ़ाना, उत्पादक संगठनों को मजबूत करना, सप्लाई चेन को व्यवस्थित करना।
4. जोखिम प्रबंधन योजनाओं का आच्छादन बढ़ाना।
5. प्रशिक्षण द्वारा कौशल विकास।
6. अनुसंधान एवं नई तकनीक को प्रोत्साहन - डिजिटल ट्रेसबिलिटी एवं AI तकनीक का उपयोग
7. विभिन्न जनपदों में जलवायु अनुकूल पशुधन उत्पाद का प्रोत्साहन।

2- मिशन की संरचनाः यह मिशन **5 उप-मिशनों** में विभाजित है:-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

2.1 पशुधन उद्यमिता एवं स्टार्टअप विकास उप-मिशन: इसके अंतर्गत ग्रामीण युवाओं/ नव उद्यमियों के लिए रोजगार सृजन (बकरी, भेड़, डेयरी, कुक्कुट, सूकर आदि), लाइवस्टॉक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना, चारा एवं पशु आहार उत्पादन क्षेत्र में उद्यमिता विकास किया जाना लक्षित है।

- उन्नतशील नस्लों के छोटे तथा मध्यम आकार के भेड़/बकरी/सूकर/डेयरी फार्म की स्थापना से पशु उत्पादकता एवं उत्पादन में बृद्धि संभव होगी।
- नव उद्यमियों को संगठित कर **कृषक/पशुधन उत्पादक संगठनों**(एफ/एल.पी.ओ.) का विकास करते हुए, संकलित उत्पाद का **प्रसंस्करण/मूल्य-वर्धन** करने के उपरांत, **सप्लाई चेन** को व्यवस्थित कर स्थानीय/वैश्विक बाजार तक पहुच बढ़न के भी प्रयास किए जायेंगे।
- यह उप-मिशन लाभार्थियों के लिए एक **विश्वसनीय आय स्रोत** तैयार करेगा और राज्य में **पशु प्रोटीन उत्पादन** बढ़ाने में योगदान देगा।
- **सम्मिलित गतिविधियाँ :**
  i. लघु डेरी इंटरप्रिन्योरशिप यूनिट- भैंस पालन इकाइयाँ – 5 से 10 पशु।
  ii. लघु पशु(भेड़/बकरी/सूकर) इंटरप्रिन्योरशिप यूनिट- भेड़, बकरी पालन इकाइयाँ - 50+3; 100+5; 200+10; सूकर पालन इकाइयाँ 50+5; 100+10.
  iii. ग्रामीण एवं व्यवसायिक कुक्कुट उद्यमिता- ब्रॉयलर यूनिट 5000 पक्षी।
  iv. ग्रामीण एवं व्यवसायिक कुक्कुट उद्यमिता – महिला स्वयं सहायता समूहों हेतु 1,000 लो-इनपुट पक्षी के लेयर यूनिट- बैकयार्ड/लेयर यूनिट(50 पक्षी प्रति सदस्य)
  v. 1000 प्रति सप्ताह क्षमता वाले इनक्यूबेटर, हैचरी की स्थापना: इससे गुणवत्ता युक्त चूजों की उपलब्धता बढ़ेगी।
  vi. ग्रामीण एवं व्यवसायिक देशी कुक्कुट उद्यमिता – 1,000 देशी पक्षी इकाई।
  vii. विदेशी एवं विशिष्ट कुक्कुट उद्यमिता (एकल इकाइयाँ)- जापानी बटेर, गिनी फाउल, बतख एवं टर्की इकाइयों की स्थापना।
  viii. आधुनिक बकरी मंडियां।
  ix. आधुनिक सूकर मंडियां।
  x. क्लस्टर बेस्ड पॉल्ट्री प्रोडक्शन इकोसिस्टम डेवलपमेंट कार्यक्रम (पीपीसी माडल)
  xi. कौशल विकास एवं कृषि-उद्यमिता प्रोत्साहन हेतु उत्कृष्टता प्रशिक्षण केंद्रों का विकास।

2.2 पशुधन एवं पोल्ट्री नस्ल विकास उप-मिशन: स्वदेशी गोवंशीय नस्लों (गंगातीरी, गिर, साहिवाल, रेड सिन्धी) के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही पोल्ट्री, भेड़, बकरी और सूअर पालन में नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाना है। इसके अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों, विभिन्न

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

उत्पादक संघों, कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही राज्य सरकार को नस्ल सुधार अवसंरचना के लिए भी सहायता प्रदान की जाएगी। प्रथमतः **स्वदेशी नस्ल जीनोमिक फार्म** (PPP **मॉडल) सम्मिलित किया गया है।**

i. **स्वदेशी नस्ल जीनोमिक फार्म:**

इसके अंतर्गत स्वदेशी गोवंशीय नस्लों (गंगातीरी, गिर, साहिवाल, रेड सिन्धी) का संरक्षण, उनका आई.वी.एफ/ भ्रूण प्रत्यारोपण के माध्यम से आनुवंशिक गुणवत्ता में सुधार, न्यूक्लियस हर्ड/ ब्रीड मल्टीप्लिकेशन फार्म की स्थापना कराई जाएगी। इससे राज्य प्रजनन कार्यक्रमों/ पशुपालकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले पशु उपलब्ध हो सकेंगे।

2.3 पशुपालन क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल लाइव स्टाक, उद्यम आधुनिकीकरण, ए.आई. अनुप्रयोग, जलवायु सहनशील तकनीक को बढ़ावा देने हेतु उप-मिशन: पशुधन विकास के क्षेत्र मे सतत विकास हेतु निम्न नवाचार सम्मिलित किए गए है:-

i. **हरित डेयरी: गोबर से बायोगैस बनाना और कार्बन क्रेडिट से जोड़ना-** पशुधन अपशिष्ट को बायोगैस या बायो-सीएनजी में परिवर्तित करने से कचरे का स्वच्छ और सुरक्षित निपटान सुनिश्चित होगा साथ ही बायोगैस, जैविक खाद और कार्बन क्रेडिट के माध्यम से आय अर्जित करने के अवसर भी प्राप्त होंगे।

ii. **पशु ट्रेसबिलिटी सिस्टम** अंतर्गत **मजल (थूथन) आधारित बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली**, **आर.एफ.आई.डी के उपयोग**(RFID) के माध्यम से पशुओं की पहचान/ रिमोट निगरानी-पशु प्रबंधन; भैंस मांस ट्रेसबिलिटी एवं एक्स्पोर्ट इन्टेग्रिटी प्रणाली ("फार्म-से-पोर्ट" मॉडल) को पोत्साहित किया जाएगा।

iii. **राज्य डिजिटल पशुधन मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म ("ई-पशुशाला") की स्थापना**: पशुधन व्यापार को नियोजित करना, सत्यापित ब्रीडर (प्रजनक) सूची उपलब्ध कराना, पारदर्शी डिजिटल पशुधन नीलामी को सक्षम बनाना, पशु चिकित्सा टेली-परामर्श सेवाओं का एकीकरण करना, बिचौलियों के शोषण को कम करना आदि प्रमुख उद्देश्य हैं।

iv. **पशुधन डेटा स्टैक एवं एआई-आधारित निर्णय समर्थन प्रणाली- यह सबमिशन** डाटा आधारित पशुधन विकास योजनाओं के विकास हेतु सक्षम बनाने में सहयोग करेगा।

v. **पीपीपी आधारित मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां-** यह प्रतिस्पर्धात्मक रूप से सुदूर अंचलों तक गुणवत्तायुक्त पशु चिकित्सा सेवाओं की सुनिश्चित करेंगी।

2.4 चारा एवं आहार विकास उप-मिशन: इसके अंतर्गत वैज्ञानिक फॉर्मूलेशन के आधार पर मशीन आधारित फीड मिक्सिंग द्वारा संतुलित पशु आहार (टी.एम.आर.) बनाने, साइलेज निर्माण, हे ब्लॉक इकाइयों/ उद्यमों की स्थापना तथा हाइड्रोपोनिक विधि से हरा चारा उत्पादन इकाईयों की स्थापना द्वारा चारा और आहार की उपलब्धता बढ़ाने को प्रोत्साहित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

i. **सामुदायिक स्तर टी एम आर (संतुलित पशु आहार)** बनाने के केंद्रों मे वैज्ञानिक फॉर्मूलेशन के आधार पर मशीन आधारित फीड मिक्सिंग द्वारा संतुलित पशु आहार बनाने से चारे की बर्बादी कम होगी तथा लागत में भी कमी आएगी।

ii. **साइलेज बनाने की मशीन से उद्यमिता विकास:** छोटे से मध्यम स्तर के साइलेज निर्माण, हे ब्लॉक इकाइयों/ उद्यमों की स्थापना से रोजगार सृजन के साथ ही हरे चारे की कम उपलब्धता वाले मौसम मे चारे की कमी को पूरा करने मे सहायक होगा।

iii. **हाइड्रोपोनिक हरा चारा उत्पादन इकाई** योजना (सभी प्रकार के चारे को समाहित करते हुए)

2.5 अनुसंधान, वैश्वीकरण एवं ज्ञान प्रणाली विकास उप-मिशन: इसके अंतर्गत पशुधन अनुसंधान क्षेत्र में फेलोशिप कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। साथ ही पशुपालकों को राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी परिदृश्य एवं बाजार की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदर्शनियों/सम्मेलनों में उनकी भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सबमिशन मे सम्मिलित गतिविधियां निम्नवत हैं:-

i. पशुधन कुंभ–अंतर्राष्ट्रीय पशुधन एक्सपो एवं आनुवंशिक(जेनेटिक) व्यापार मंच
ii. एप्लाइड लाइव स्टाक रिसर्च एवं इनोवाशन ग्रांट
iii. राज्य पशुधन अनुसंधान एवं नवाचार संस्थान स्थापना कार्यक्रम
iv. अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता एवं वैश्विक पशुधन व्यापार प्रोत्साहन

3- सब्सिडी पैटर्न एवं मार्गदर्शक सिद्धांत: सब्सिडी का ढांचा और मूल मार्गदर्शक सिद्धांत प्रमुखतः राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एन.एल.एम.) के समान होंगे। प्रत्येक उप-मिशन के लिए गतिविधियाँ, सहायता पैटर्न और कार्यान्वयन एजेंसियाँ निर्धारित की जाएंगी जिससे मिशन के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए समन्वित दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा ।

बजट आवंटन: राज्य पशुधन मिशन (एस.एल.एम) के अंतर्गत उपलब्ध कुल बजट के अनुसार उप-क्षेत्रवार कोटा आवंटन राज्य सशक्त समिति/स्टेट एम्पावर्ड कमेटी(एस.ई.सी.) द्वारा किया जा सकता है।

4- योजना का अधिकार क्षेत्र:

यह योजना उत्तर प्रदेश में वर्ष 2026-27 से लागू की जाएगी।

5- संस्थागत संरचना

मिशन का प्रबंधन बहु-स्तरीय होगा, जिससे रणनीतिक मार्गदर्शन एवं संचालन की निगरानी सुनिश्चित की जा सके। निदेशालय स्तर पर स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (एस.पी.एम.यू.) का गठन किया जायेगा जिसमे विभागीय अधिकारियों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के डोमेन विशेषज्ञों (कंसल्टेंट) को रखा जायेगा। इन विशेषज्ञों को डिलायट, ई एण्ड वाई, पी.डब्ल्यू.सी., के.पी.एम.जी., मैकिनसी, एन.ए.बी.सी.ओ.एन.एस. आदि संस्थाओं से प्राप्त कर

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

सकेंगे। डोमेन विशेषज्ञ, विशेषज्ञ सलाहकार समूह /प्रोजेक्ट अप्रेजल एण्ड फाइनेंस डिटर्मिनेशन कमेटी (पी.ए.**एफ.डी.सी.**) के भी सदस्य होंगे।

स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (एस.पी.एम.यू.) में निम्नलिखित चार विशेषज्ञ सम्मिलित किए जाएंगे:

1. पशुधन तकनीकी विशेषज्ञ
2. वित्त एवं निवेश विशेषज्ञ
3. आईटी, डिजिटल एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) प्रणाली विशेषज्ञ
4. पीपीपी, परियोजना प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास विशेषज्ञ

उपरोक्त एस.पी.एम.यू. संरचना के संचालन हेतु संकेतात्मक रूप से प्रति विशेषज्ञ रू0 2.00 लाख प्रतिमाह के आधार पर चार विशेषज्ञों हेतु कुल रू0 8.00 लाख प्रतिमाह का व्यय अनुमानित है। इस प्रकार एस.पी.एम.यू. के संचालन के लिए वार्षिक संकेतात्मक व्यय रू0 1 करोड़) प्रति वर्ष अनुमानित होगा।

यह बजट केवल संकेतात्मक है तथा अंतिम व्यय विशेषज्ञों की संख्या, अनुभव, कार्यक्षेत्र एवं चयनित परामर्शदाता संस्था के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

एस.पी.एम.यू. के कार्य:

i. मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन, योजना निर्माण (नियोजन), समन्वय एवं प्रगति की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण करना।
ii. मिशन अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा एवं ट्रैकिंग करना।
iii. परियोजना परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन एवं तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर डी.एल.आई.सी. द्वारा भेजी गई परियोजनाओं की जांच करना और पी.ए.सी. के समक्ष प्रस्तुत करना। परियोजनाओं के लिए डीपीआर मूल्यांकन, निवेश योजना, वित्तीय मॉडलिंग एवं व्यवहार्यता विश्लेषण करना।
iv. मिशन के केपीआई (के.पी.आई.)/परिणाम संकेतक निर्धारित करते हुए उनके आधार पर परियोजना के प्रभाव का मूल्यांकन एवं निगरानी करना।
v. जिला स्तरीय इकाइयों एवं कार्यान्वयन एजेंसियों को तकनीकी एवं प्रबंधन सहायता उपलब्ध कराना।
vi. डिजिटल डैशबोर्ड, MIS एवं रियल-टाइम मॉनिटरिंग प्रणाली विकसित एवं संचालित करना।
vii. मिशन के लिए नीतिगत सुझाव, सुधारात्मक उपाय एवं कार्यान्वयन रणनीति तैयार करना।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (एस.पी.एम.यू.) स्क्रीनिंग समिति एवं विशेषज्ञ सलाहकार समूह /प्रोजेक्ट अप्रेजल एण्ड फाइनेंस डिटर्मिनेशन कमेटी (पी.ए.**एफ.डी.सी.**) की सहायता से मिशन गतिविधियों को संचा|लित करेगा। मिशन अंतर्गत विभिन्न स्तर पर निम्नानुसार समितियों का भी गठन किया जाएगा:-

5.1 स्टेट इम्पावर्ड कमेटी (एस.इ.सी.)

अध्यक्ष: मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन

सदस्य:

पदनाम	**भूमिका**
i. अपर मुख्य सचिव (पशुपालन)	सदस्य
ii. प्रमुख सचिव (वित्त)	सदस्य
iii. महानिदेशक (डेयरी एवं मत्स्य)	सदस्य
iv. पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों के कुलपति	सदस्य
v. नाबार्ड के प्रतिनिधि	सदस्य
vi. सिडबी के प्रतिनिधि	सदस्य
vii. निजी क्षेत्र के दो विशेषज्ञ	सदस्य
viii. मिशन निदेशक (निदेशक, पशुपालन विभाग)	सदस्य सचिव

कार्य:

i. वार्षिक कार्ययोजना को स्वीकृति देना
ii. घटकों एवं लागत मानकों में संशोधन करना
iii. उच्च-मूल्य पीपीपी परियोजनाओं को स्वीकृति देना
iv. त्रैमासिक प्रगति की समीक्षा करना
v. क्लस्टर अधिसूचनाओं को स्वीकृति देना

5.2 प्रोजेक्ट अप्रूवल कमेटी (पी.ए.सी.)

अध्यक्ष: अपर मुख्य सचिव (पशुपालन)

सदस्य:

पदनाम	**भूमिका**
i. विशेष सचिव, पशुपालन	सदस्य
ii. निदेशक, प्रशासन एवं विकास विभाग, पशुपालन उ.प्र./मिशन निदेशक	सदस्य सचिव
iii. निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन उ.प्र.	सदस्य

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पदनाम	भूमिका
iv. अपर निदेशक, पोल्ट्री	सदस्य
v. अपर निदेशक, लघु पशु	सदस्य
vi. मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी	सदस्य

प्रोजेक्ट अप्रूवल कमेटी (पी.ए.सी.) के कार्य:

i. एस.एल.एम. की डी.पी.आर. का गठन
ii. उद्यमिता डी.पी.आर. का मूल्यांकन
iii. सब्सिडी की स्वीकृति
iv. अनुपालन की निगरानी
v. सामान्य प्रकार की पशुधन विकास गतिविधियों को जोड़ना अथवा हटाना
vi. नवाचार परियोजनाओं की सिफारिश

5.3. स्क्रीनिंग समिति

अध्यक्ष: निदेशक, प्रशासन एवं विकास विभाग, पशुपालन उ.प्र.

सदस्य:

पदनाम	भूमिका
i. निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन उ.प्र.	सदस्य
ii. अपर निदेशक, गोधन विकास	सदस्य सचिव
iii. अपर निदेशक, पोल्ट्री	सदस्य
iv. अपर निदेशक, लघु पशु	सदस्य
v. राज्य नोडल अधिकारी, एस.एल.डी.एम.	सदस्य

कार्य:

i. डी.एल.आई.सी. द्वारा भेजी गई परियोजनाओं की जांच करना और पी.ए.सी. के समक्ष प्रस्तुत करना। परियोजनाओं के लिए डीपीआर मूल्यांकन, निवेश योजना, वित्तीय मॉडलिंग एवं व्यवहार्यता विश्लेषण करना।
ii. सभी परियोजनाओं की जांच करना; अपूर्ण परियोजनाओं को स्पष्ट कारण सहित अस्वीकृत करना।
iii. राज्य मिशन कार्यालय (एस.एल.एम.) द्वारा परियोजनाओं का संग्रह, प्राथमिक जांच, समयबद्ध प्रस्तुति और समग्र निगरानी करना; साथ ही सब्सिडी किश्तों की रिलीज़् की प्रगति की समीक्षा करना।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

iv. निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित जिला कोषागार में अनुदान राशि हस्तांतरित करना तथा परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करना।

v. पशुपालन/पशु चिकित्सा से इतर विषयों अथवा किसी भी विषय को यथा – आवश्यकता, **विशेषज्ञ सलाहकार समूह/प्रोजेक्ट अप्रेजल एण्ड फाइनेंस डिटर्मिनेशन कमेटी (पी.ए.**एफ.डी.सी.**) को** इकाई लागत एवं अनुदान सीमा के मूल्यांकन हेतु प्रेषित करना।

5.4 विशेषज्ञ सलाहकार समूह /प्रोजेक्ट अप्रेजल एण्ड फाइनेंस डिटर्मिनेशन कमेटी (पी.ए.**एफ.डी.सी.**)

यह विषय विशेषज्ञों (जीनोमिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु मॉडलिंग, व्यापार, स्टार्टअप इकोसिस्टम आदि क्षेत्रों में) की एक समिति होगी जो नवाचार अनुसंधान एवं बड़े पैमाने की परियोजनाओं की समीक्षा, पूंजीगत लागत का मूल्यांकन आदि करेगा। यह समूह आर. एण्ड डी. एवं नई तकनीकों को अपनाने की तकनीकी गुणवत्ता सुनिश्चित करेगा।
यह समिति, स्क्रीनिंग समिति को परियोजना परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन एवं तकनीकी एवं वित्तीय मूल्यांकन में सहायता प्रदान करेगी। इसकी संरचना निमन्वयत होगी:-

अध्यक्ष: निदेशक, प्रशासन एवं विकास विभाग, पशुपालन उ.प्र./मिशन निदेशक

सदस्य:

पदनाम	**भूमिका**
i. डिलायट, ई एण्ड वाई, पी.डब्ल्यू.सी., के.पी.एम.जी., मैकिन्से, एन.ए.बी.सी.ओ.एन.एस. जैसी संस्थाओं से डोमेन विशेषज्ञ/ सलाहकार	सदस्य
ii. वित्त एवं निवेश विशेषज्ञ	सदस्य
iii. परियोजना प्रबंधन विशेषज्ञ	सदस्य
iv. पशुधन क्षेत्र विशेषज्ञ	सदस्य
v. डिजिटल प्रणाली एवं डेटा प्रबंधन विशेषज्ञ	सदस्य
vi. एस.एन.ओ.	सदस्य

प्रमुख कार्य :-

I. मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन, योजना निर्माण (नियोजन), समन्वय एवं प्रगति अनुश्रवण हेतु राज्य स्तरीय तकनीकी एवं प्रबंधन सहायता प्रदान करना।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

ii. स्क्रीनिंग समिति को परियोजना परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन तथा तकनीकी एवं वित्तीय मूल्यांकन में सहायता प्रदान करना।

iii. स्क्रीनिंग कमेटी के निर्देश पर परियोजनाओं की डी.पी.आर. मूल्यांकन, निवेश योजना, वित्तीय मॉडलिंग एवं व्यवहार्यता का विश्लेषण करना।

5.5 जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति (डिस्ट्रिक्ट लेवल इम्प्लीमेनटिंग कमेटी- डी.एल.आई.सी.)

अध्यक्षः मुख्य विकास अधिकारी

सदस्यः

पदनाम	**भूमिका**
i. मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी	सदस्य सचिव
ii. जिला प्रबंधक, एन.आर.एल.एम.	सदस्य
iii. उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु विकास	सदस्य
iv. पशु चिकित्सा अधिकारी	सदस्य

डी.एल.आई.सी. के कार्यः

i. **डी.एल.आई.सी.** क्षेत्रीय स्तर की कार्यान्वयन एजेंसी है। यह योजना के बारे में जिले के सभी ब्लॉकों में प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया/मेला/प्रदर्शनी आदि के माध्यम से पर्याप्त जागरूकता सुनिश्चित करेगी।

ii. आवेदन पत्रों का संग्रह एवं जांच करना तथा योजना दिशानिर्देश में निर्धारित समय-सीमा के अनुसार उन्हें निदेशालय (स्क्रीनिंग समिति) को भेजना। विभाग इन आवेदनों को पी.ए.सी. के समक्ष अंतिम स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेगा।

iii. आवेदक को परियोजना संबंधी अवसंरचना विकास प्रारंभ करने हेतु लेटर आफ कमफ़र्ट जारी करना।

iv. सब्सिडी की पहली किश्त जारी करने से पहले आवेदक को प्रशिक्षण हेतु भेजने की व्यवस्था करना।

v. परियोजना स्थापना से संबंधित बिल/वाउचर/दस्तावेजों का संग्रह करना और निर्धारित प्रारूप में स्क्रीनिंग समिति को सब्सिडी किश्त जारी करने हेतु अनुशंसा करना।

vi. परियोजना के विकास की क्षेत्रीय स्तर पर समग्र निगरानी करना।

5.6 जिला स्तरीय नोडल अधिकारी (डी.एन.ओ.):

उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (पशु विकास) को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। यह मिशन के प्रचार-प्रसार, आवेदन संग्रह एवं उनका पूर्ण होना सुनिश्चित करना, रिकॉर्ड संधारण तथा डी.एल.आई.सी. के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

होंगे। साथ ही, यह डी.एल.आई.सी. की ओर से परियोजना के विकास की निगरानी करेंगे तथा परियोजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे और उपलब्ध माइलस्टोन के अनुसार सब्सिडी किश्त जारी करने का प्रस्ताव देंगे।

उपरोक्त संस्थागत व्यवस्था के माध्यम से राज्य पशुधन मिशन के प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी क्रियान्वयन हेतु शासन विभिन्न स्तरों पर नीति निर्माण, वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन, परियोजना अनुमोदन, डिजिटल अनुश्रवण एवं समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। शासन की प्रमुख भूमिकाएँ निम्नवत् हैं:-

i. नीति निर्माण एवं रणनीतिक मार्गदर्शन– मिशन की नीतियों, वार्षिक कार्ययोजनाओं एवं दीर्घकालिक रणनीतियों का निर्धारण एवं अनुमोदन करना।
ii. वित्तीय संसाधनों का प्रबंधन– बजट आवंटन, पूंजीगत अनुदान एवं अन्य वित्तीय सहायता का प्रावधान तथा निधियों का समयबद्ध एवं पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करना।
iii. परियोजना अनुमोदन एवं मूल्यांकन– विस्तृत परियोजना प्रतिवेदनों (DPR) का तकनीकी एवं वित्तीय परीक्षण, अनुमोदन तथा परियोजनाओं की व्यवहार्यता सुनिश्चित करना।
iv. तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण– विशेषज्ञ संस्थाओं एवं तकनीकी विशेषज्ञों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान करना तथा प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्धन को प्रोत्साहित करना।
v. डिजिटल सुशासन एवं अनुश्रवण– डिजिटल डैशबोर्ड, प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित निगरानी एवं ट्रेसबिलिटी प्रणाली का विकास एवं संचालन करना।
vi. निगरानी, मूल्यांकन एवं उत्तरदायित्व– मिशन की प्रगति, परिणाम संकेतकों (KPIs) एवं वित्तीय उपयोगिता की नियमित समीक्षा, मूल्यांकन एवं लेखा-परीक्षण सुनिश्चित करना।
vii. सार्वजनिक–निजी सहभागिता एवं निवेश संवर्धन– निजी क्षेत्र, वित्तीय संस्थानों, उत्पादक संगठनों एवं अन्य हितधारकों के साथ सहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए निवेश एवं नवाचार को बढ़ावा देना।
viii. अन्तर्विभागीय समन्वय एवं अभिसरण– विभिन्न विभागों, संस्थानों एवं योजनाओं के मध्य समन्वय स्थापित कर संसाधनों के प्रभावी अभिसरण एवं मिशन के उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करना।

6- वित्तपोषण एवं निधि प्रवाह तंत्र (फंडिंग एण्ड फंड फ़्लो मेकनिज़्म):

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

6.1 बजट एलोकेशन:

राज्य पशुधन मिशन के अंतर्गत आवंटित बजट को पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश के निदेशालय स्तर पर राज्य पशुधन मिशन/एस.पी.एम.यू. कार्यालय के निवर्तन पर रखा जाएगा। निर्धारित माइलस्टोन की प्राप्ति के अनुसार, स्क्रीनिंग समिति द्वारा अग्रेषित किए जाने तथा पी.ए.सी. द्वारा सब्सिडी राशि की विधिवत स्वीकृति के बाद, केवल स्वीकृत परियोजनाओं के लिए ही सब्सिडी सीधे राज्य पशुधन मिशन/एस.पी.एम.यू. कार्यालय से लाभार्थी के खाते में स्थानांतरित की जाएगी।

डी.एल.आई.सी. निर्धारित माइलस्टोन के अनुसार सब्सिडी जारी करने की संस्तुति करेगा और इसे स्क्रीनिंग समिति को भेजेगा, जो समीक्षा के बाद अंतिम स्वीकृति हेतु पी.ए.सी. को अग्रेषित करेगी। डी.एल.आई.सी. एवं स्क्रीनिंग कमेटी की संस्तुतियों के आधार पर पारीक्षणोपरांत, पी.ए.सी. द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के लिए सब्सिडी सीधे लाभार्थी के खाते में स्थानांतरित की जाएगी।

6.2 एस.एल.एम. के अंतर्गत सामान्यतः परियोजनाएँ व्यक्तियों/विभिन्न उत्पादक समूहों धारा-8 कंपनियों, डिपार्टमेंट फार प्रमोशन आफ इंडस्ट्री एण्ड इन्टर्नल ट्रेड (डीपीआईआईटी) में पंजीकृत स्टार्टअप्स तथा निजी कंपनियों को उद्यमी के रूप में विकसित करने एवं एक सतत विकास मॉडल स्थापित करने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं।

एस.एल.एम. के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रमों में सामान्यतः सहायता परियोजना की स्थापना के विभिन्न चरणों में अधिकतम 50% पूंजीगत सब्सिडी तक सीमित है। शेष 50% परियोजना लागत (पूंजीगत व्यय) तथा परियोजना स्थापना के बाद आने वाले सभी आवर्ती व्यय (आवर्ती लागत) की व्यवस्था आवेदक द्वारा की जाएगी। इस संबंध में आवेदक को आवेदन के समय एक शपथ-पत्र (अफीडेविट) प्रस्तुत करना होगा।

6.3 बैंक ऋण:

आवेदक परियोजना लागत का अधिकतम 75% तक बैंक से ऋण ले सकता है। कम से कम 25% राशि स्वयं निवेश करनी होगी। पशुपालन विभाग/ **एस.एल.एम.** ऋण के लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

6.4 स्वयं निवेश:

आवेदक 50% लागत स्वयं निवेश करेगा। यदि बैंक ऋण लिया जाता है, तो परियोजना की 50% लागत के लिए आवेदक को बैंक गारंटी देनी होगी।

6.5 परियोजना माइलस्टोन:

i. **माइलस्टोन-1:** लाभार्थी द्वारा अपनी पूंजी (मार्जिन मनी) तथा बैंक ऋण, यदि कोई है तो उसके साथ कुल का 50% व्यय। डी.एल.आई.सी./ डी.एन.ओ. को परियोजना के बिल एवं जिओ टैग्ड लोकेशन सहित फोटोग्राफ प्रस्तुत करने के बाद आवेदक को सब्सिडी की पहली किस्त (50%) जारी की जाएगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

ii. **माइलस्टोन-2:** लाभार्थी द्वारा अपनी पूंजी (मार्जिन मनी) तथा बैंक ऋण, यदि कोई है तो उसके साथ कुल का 100% व्यय। डी.एल.आई.सी./ डी.एन.ओ. को परियोजना के बिल एवं जिओ टैग्ड लोकेशन, परियोजना पूर्णता/कमीशनिंग रिपोर्ट सहित फोटोग्राफ प्रस्तुत करने के बाद आवेदक को सब्सिडी की दूसरी किस्त (50%) जारी की जाएगी।

6.6 योजना की प्रकृति:

यह योजना राज्य वित्तपोषित है। केंद्र-राज्य समन्वित योजनाओं (जहां ओवर लैपिग अनुमान्य है।) की स्थिति में अवसंरचना/असेट निर्माण एवं सेवा प्रदान करने के क्षेत्र में पीपीपी मॉडल को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा।

6.7 मात्र पूंजीगत सब्सिडी:

केवल कैपिटल (अवसंरचना, उपकरण एवं तकनीक पर) सब्सिडी अनुमन्य। कार्यशील पूंजी, भूमि, वाहन आदि पर कोई सब्सिडी नहीं।

6.8 चैनलाइजिंग एजेंसी: सब्सिडी स्थानांतरण के लिए राज्य सरकार सिडबी, नाबार्ड, या बैंकों को चैनलाइजिंग एजेंसी के रूप में चिन्हित कर सकती है। ऐसी स्थिति में उक्त संस्था के साथ विभाग एम.ओ.यू. करेगा। चैनेलाइजिंग एजेंसी सब्सिडी प्रबंधन, लीडिंग बैंक/वित्तीय संस्थान को सब्सिडी स्थानांतरण हेतु जिओम्मेदार होगी। चैनलाइजिंग एजेंसी के साथ फंड ट्रान्सफर की औपचारिकतायें विभाग निर्धारित करेगा। सब्सिडी सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाएगी।

6.9 स्व-वित्त पोषित परियोजनाएँ:

स्व-वित्त पोषित परियोजनाओं की स्थिति में संबंधित समिति'/एजेंसी द्वारा परियोजना की स्थिति का मूल्यांकन (अप्रेजल) आवश्यक होगा। परियोजना की कुल पूंजीगत लागत के कम से कम 50% व्यय होने के उपरान्त सब्सिडी की प्रथम किश्त जारी की जाएगी। अवशेष अनुदान राशि परियोजना की पूर्णता के उपरान्त देय होगा। प्रत्येक चरण पर किया जायेगा। ऋण की अदायगी सुनिश्चित कराने हेतु 3 वर्ष की बैंक गारंटी/श्योरिटी बॉन्ड अनिवार्य होगा।

6.10. राज्य सहायतित परियोजनाओं का वित्त पोषण एवं अनुदान सीमा :

राज्य पशुधन मिशन के अंतर्गत प्रदेश के पशुधन विकास क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं, जैसे कि ब्रीड मल्टीप्लीकेशन फार्म, पशु (भेड़, बकरी, सूकर आदि) मंडी आदि के विकास हेतु सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही, **पी.पी.पी. मोड** तथा **आवश्यकता अनुसार पी.पी.पी. मॉडल** में **सी.एस.आर. फंड / वायबिलिटी गैप फंड** के उपयोग के माध्यम से कार्यक्रमों का अभिसरण किया जाएगा। **नवाचारों हेतु अथवा जिन प्रस्तावों हेतु पूर्व से अनुदान सीमा निर्धारित नहीं है, के लिए अनुदान सीमा की अनुसंशा स्क्रीनिंग कमेटी के अनुरोध पर विशेषज्ञ सलाहकार समूह/प्रोजेक्ट अप्रेजल एण्ड फाइनेंस डिटर्मिनेशन कमेटी (पी.ए.एफ.डी.सी.) द्वारा की जाएगी।**

6.11. प्रादेशिक संस्थानों/उपक्रमों की स्थापना एवं विकास/स्टार्ट-अप हेतु वित्त पोषण:

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रादेशिक संस्थानों/विश्वविद्यालयों /उपक्रमों की स्थापना, विकास तथा स्टार्ट-अप को सहायता प्रदान की जाएगी। डेयरी कोऑपरेटिव, मिल्क फेडरेशन तथा अन्य अच्छी ख्याति प्राप्त संस्थाओं को प्रोत्साहित करने हेतु भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

7- उद्यमिता विकास हेतु प्रस्तावों के लिए आवेदन जमा करना तथा लाभार्थी चयन : एस.पी.एम.यू. द्वारा ऑनलाइन आवेदन का प्रारूप निर्धारित किया जाएगा। समस्त आवेदन निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन किए जाएंगे।

परंतु, जब तक स्टेट लाइवस्टॉक मिशन का ऑनलाइन पोर्टल संचालित नहीं हो जाता, तब तक उद्यमिता विकास से संबंधित समस्त आवेदन ऑफलाइन मोड में संबंधित जनपद के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा अथवा सीधे जमा किए जाएंगे। चयन प्रक्रिया एस.पी.एम.यू. स्तर पर लॉटरी प्रणाली के माध्यम से संपादित की जाएगी। आधारभूत संरचनाओं के विकास संबंधी आवेदन एस.पी.एम.यू. में सीधे जमा किए जा सकेंगे। पोर्टल संचालित होने के उपरान्त लाभार्थियों का चयन "प्रथम आवक, प्रथम पावक" के आधार पर किया जाएगा। पशु सखी/महिला स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

8- निगरानी एवं लेखा परीक्षा:

सभी फंड प्रवाह को एम.आई.एस. (प्रबंधन सूचना प्रणाली) के माध्यम से ट्रैक किया जाएगा। राज्य मिशन कार्यालय/ **एस.पी.एम.यू.** तथा सरकारी वित्त विभाग समय-समय पर उपयोग का ऑडिट करेंगे, ताकि किसी भी प्रकार से धनराशि के दुरुपयोग को रोका जा सके।

8.1 एस.एल.एम. के अंतर्गत स्थापित सभी परियोजनाएँ, 100% सब्सिडी की अंतिम किश्त जारी होने के बाद न्यूनतम 3 वर्षों तक संचालित रहना अनिवार्य होगा। इस संबंध में आवेदन के समय आवेदक से एक शपथ-पत्र लिया जाएगा।

8.2 डी.एल.आई.सी. परियोजनाओं की निगरानी एवं सत्यापन का कार्य करेगा। यह सब्सिडी जारी होने के पश्चात 3 वर्षों तक प्रत्येक 6 माह में परियोजना के सुचारू संचालन के संबंध में रिपोर्ट राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

8.3 मंडलीय अपर निदेशक (ग्रेड-II) भी परियोजना की उचित निगरानी के लिए उत्तरदायी होंगे। यदि सब्सिडी जारी होने के 3 वर्षों के भीतर परियोजना को बंद या विघटित किया जाता है, तो राज्य मिशन कार्यालय स्तर के अधिकारी सत्यापन करेंगे तथा राजस्व विभाग की सहायता से सब्सिडी की वसूली की प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे।

9- फोर्स-मेज्योर:

ऐसी असाधारण घटनाएँ या हालात जो इंसानों के नियंत्रण से बाहर हों, जैसे कि 'दैवीय घटना' (जैसे प्राकृतिक आपदा) या युद्ध, हड़ताल, सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल, दंगे, अपराध जैसी घटनाएँ (लेकिन इसमें लापरवाही या गलत काम, पहले से पता चलने वाली/मौसमी बारिश और विशेष रूप से बाहर रखी गई अन्य घटनाएँ शामिल नहीं हैं), ऐसी स्थिति में,

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

विभाग/यू.पी.-एस.एल.एम. कानून के प्रावधानों के अनुसार लाभार्थियों या संस्थानों को दी गई सब्सिडी या प्रोत्साहन राशि के बारे में निर्णय लेने के लिए मामले की समीक्षा करेगा।

10- अन्य

10.1 इस स्कीम के संचालन के दौरान विभाग द्वारा इन दिशा-निर्देशों में समय-समय पर आवश्यकतानुसार संशोधन अथवा परिवर्तन किया जा सकेगा। ऐसे संशोधन/परिवर्तन संशोधन की प्रभावी तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों पर लागू होंगे।

10.2 सभी आवेदकों के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे योजना के अंतर्गत स्थापित परियोजना को स्थापना की तिथि से न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि तक संचालित करने हेतु विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप में *श्योरिटी बॉन्ड/बंधपत्र* निष्पादित करेंगे।

10.3 अनुदान की आगामी किश्तें केवल बजट उपलब्धता के अधीन देय होंगी। अनुदान स्वीकृति, अनुदान देयता अथवा उससे संबंधित किसी भी विवाद अथवा निर्णय के संबंध में **अपर मुख्य सचिव (पशुपालन)** की अध्यक्षता वाली **प्रोजेक्ट अप्रूवल कमेटी (पी.ए.सी.)** का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

11- समय सारिणी (Time Table of Events):

कार्यक्रम/गतिविधि	**समय-सीमा**
अधिसूचना जारी	31 जुलाई से पूर्व
आवेदन की अंतिम तिथि	31 अगस्त
जिला स्तर पर स्क्रीनिंग	सितंबर
डी.एल.आई.सी. बैठक	सितंबर
स्क्रीनिंग समिति को प्रेषण	सितंबर
स्वीकृति	अक्टूबर
पी.ए.सी. बैठक	अक्टूबर
पहली किश्त जारी	अक्टूबर
दूसरी किश्त एवं पूर्णता प्रमाणपत्र	जनवरी/फरवरी

समय-सीमा पी.ए.सी. *द्वारा संशोधित की जा सकती है।*

12- <u>उप-मिशन 1: पशुधन उद्यमिता एवं स्टार्टअप विकास उप-मिशन:</u>

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

गतिविधि 1.1: लघु डेरी इंटरप्रिन्योरशिप यूनिट: भैंस पालन इकाइयाँ – 5 से 10 पशु

घटक	विस्तृत प्रावधान
नाम	उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता वाली मुर्रा भैंस पालन इकाइयाँ
उद्देश्य	उद्यमिता विकास, सतत व्यापार मॉडल को प्रोत्साहन, संगठित लघु डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देना; रोजगार सृजन; उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि; वैज्ञानिक पशु प्रबंधन के बारे मे जानकारी प्रसारित करना, मृत्यु दर में कमी लाना
लाभार्थी	प्रथम आवक-प्रथम पावक सिद्धांत के आधार पर सभी वर्गों के लाभार्थी पात्र होंगे। पशुसखी एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
इकाई आकार	भैंस पालन इकाइयाँ – 5 से 10 पशु
संकेतात्मक लागत	पूंजीगत लागत ₹ 6.42 लाख – ₹ 12.84 लाख (इकाई के आकार के अनुसार)
अवसंरचना मानक	ऊँचा शेड; जल निकासी व्यवस्था; खुला पैडॉक; टीकाकरण; बीमा
उत्पादन मॉडल	स्टॉल-फेड; अर्ध-गहन; प्रजनन एवं उत्पादन नाभिक
सब्सिडी पैटर्न	50% पूंजीगत सब्सिडी; अधिकतम ₹ 3.21 - 6.42 लाख; (5 एवं 10 भैस हेतु क्रमशः); 2 किस्तों में
सामान्य निर्देश /निगरानी	• ईयर टैग व बीमा कराना अनिवार्य, प्रथम अथवा द्वितीय ब्यात की भैंस क्रय की जाय • पूर्व में संचालित कामधेनु, मिनी/माइक्रो कामधेनु लाभार्थी इस योजना हेतु पात्र नहीं। • अनुदान की धनराशि का भुगतान लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अवमुक्त किया जायेगा। • टीकाकरण अनुपालन; 3 वर्ष तक निगरानी • मृत्यु दर ऑडिट; टीकाकरण अनुपालन; 3 वर्ष तक निगरानी

गतिविधि 1.2: लघु पशु(भेड़/ बकरी/ सूकर) इंटरप्रिन्योरशिप यूनिट:

घटक	विस्तृत प्रावधान
नाम	वैज्ञानिक भेड़, बकरी एवं सूकर पालन इकाइयाँ की स्थापना।
उद्देश्य	उद्यमिता विकास, सतत व्यापार मॉडल को प्रोत्साहन, संगठित

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	लघु पशु फार्मिंग को बढ़ावा देना; रोजगार सृजन; उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि; वैज्ञानिक पशु प्रबंधन के बारे मे जानकारी प्रसारित करना, मृत्यु दर में कमी लाना
लाभार्थी	प्रथम आवक प्रथम पावक सिद्धांत पर सभी वर्गों के लाभार्थी पात्र। पशुसखी/महिला बचत समूह को प्राथमिकता ।
इकाई आकार	भेड़, बकरी पालन इकाइयाँ – 50+3; 100+5; 200+10; सूकर पालन इकाइयाँ 50+5; 100+10
संकेतात्मक लागत	भेड़, बकरी पालन प्रति 50 मादा इकाई ₹10 लाख ; सूकर पालन प्रति 50 मादा इकाई ₹25 लाख
अवसंरचना मानक	ऊँचा शेड; जल निकासी व्यवस्था; खुला पैडॉक; भेड़, बकरी पालन हेतु 1 एकड़ चारा (100 इकाई पर); टीकाकरण; 3 वर्षीय बीमा
उत्पादन मॉडल	स्टॉल-फेड; अर्ध-गहन; प्रजनन एवं उत्पादन नाभिक
सब्सिडी पैटर्न	50% पूंजीगत सब्सिडी; 2 किस्तों में
सामान्य निर्देश /निगरानी	• ईयर टैग व बीमा कराना अनिवार्य, प्रथम अथवा द्वितीय ब्यात की भैंस क्रय की जाय • पूर्व में विभागीय योजनाओ से भेड़/बकरी सूकर इकाई प्राप्त कर चुके लाभार्थी पत्र नहीं होंगे। • अनुदान की धनराशि का भुगतान लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अवमुक्त किया जायेगा। • टीकाकरण अनुपालन; 3 वर्ष तक निगरानी • मृत्यु दर ऑडिट; टीकाकरण अनुपालन; 3 वर्ष तक निगरानी

गतिविधि 1.3: आधुनिक बकरी मंडियां:

घटक	विस्तृत प्रावधान
नाम	आधुनिक बकरी मंडियां
उद्देश्य	बकरी व्यापार को औपचारिक बनाना; किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त कराना; निर्यात-मानक मूल्य श्रृंखला का निर्माण
लाभार्थी	व्यक्तिगत लाभार्थी, विभिन्न उत्पादक समूह, धारा-8 कंपनियां , डिपार्टमेंट फार प्रमोशन आफ इंडस्ट्री एण्ड इन्टर्नल ट्रैड (डीपीआईआईटी) में पंजीकृत स्टार्टअप्स तथा निजी कंपनियां
बकरी मंडी के	नीलामी शेड ; होल्डिंग एरिया ; डिजिटल भार मापन प्रणाली;

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

घटक	आर एफ आई डी RFID टैगिंग; पशु चिकित्सा डेस्क; कोल्ड स्टोरेज; कम्पोस्टिंग; ईटीपी (अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र)
डिजिटल प्लेटफॉर्म	ई-नीलामी; किसान पंजीकरण; लाइव मूल्य; स्वास्थ्य डेटा अपलोड; भुगतान एकीकरण
निर्यात क्लस्टर हब	स्लॉटरहाउस; एच ए सी सी पी HACCP लाइन; ब्लास्ट फ्रीजिंग; पैकेजिंग; अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन
सब्सिडी पैटर्न	50% अनुदान (मंडी के लिए, अधिकतम ₹5 करोड़); अनुदान विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) प्राप्त होने एवं परियोजना अनुमोदन समिति द्वारा परीक्षण/अनुमोदन के उपरांत प्रदान किया जाएगा।
पर्यावरणीय सुरक्षा उपाय	ईटीपी; ठोस अपशिष्ट प्रबंधन; रक्त प्रसंस्करण; दुर्गंध नियंत्रण
निगरानी	थ्रूपुट(प्रसंस्करण/प्रवाह दर की रिपोर्टिं) रिपोर्टिंग; निर्यात मूल्यांकन; ट्रेसबिलिटी अनुपालन

गतिविधि 1.4: आधुनिक सूकर मंडियां:

घटक	**विस्तृत प्रावधान**
नाम	आधुनिक सूकर मंडियां
उद्देश्य	सूकर व्यापार को औपचारिक बनाना; पशुपालकों को बेहतर मूल्य उपलब्ध कराना; प्रसंस्करण एवं निर्यात-उन्मुख मूल्य श्रृंखला विकसित करना
लाभार्थी	व्यक्तिगत लाभार्थी, विभिन्न उत्पादक समूह, धारा-8 कंपनियां, डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (DPIIT) में पंजीकृत स्टार्टअप्स तथा निजी कंपनियां
सूकर मंडी के घटक	नीलामी शेड; होल्डिंग एरिया; डिजिटल भार मापन प्रणाली; RFID टैगिंग; पशु चिकित्सा डेस्क; क्वारंटाइन यूनिट; कोल्ड स्टोरेज; कम्पोस्टिंग यूनिट; ईटीपी (अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र)
डिजिटल प्लेटफॉर्म	ई-नीलामी; किसान पंजीकरण; लाइव मूल्य प्रदर्शन; स्वास्थ्य डेटा अपलोड; डिजिटल भुगतान एकीकरण; ट्रेसबिलिटी मॉड्यूल
निर्यात क्लस्टर हब	आधुनिक स्लॉटरहाउस; HACCP अनुरूप प्रोसेसिंग लाइन; ब्लास्ट फ्रीजिंग; वैक्यूम पैकेजिंग; मांस प्रसंस्करण इकाई; अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

सब्सिडी पैटर्न	मंडी स्थापना हेतु 50% अनुदान; अधिकतम ₹5 करोड़ तक; अनुदान विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) प्राप्त होने एवं परियोजना अनुमोदन समिति द्वारा परीक्षण/अनुमोदन के उपरांत प्रदान किया जाएगा।
पर्यावरणीय सुरक्षा उपाय	ईटीपी; ठोस एवं जैविक अपशिष्ट प्रबंधन; दुर्गंध नियंत्रण प्रणाली; रक्त एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण; बायोगैस/रेंडरिंग यूनिट
निगरानी	थ्रूपुट (प्रसंस्करण/प्रवाह दर) रिपोर्टिंग; निर्यात मूल्यांकन; पशु स्वास्थ्य निगरानी; ट्रेसबिलिटी अनुपालन; पर्यावरणीय अनुपालन की नियमित समीक्षा

गतिविधि 1.5: ग्रामीण एवं व्यावसायिक कुक्कुट उद्यमिता-बैकयार्ड/लेयर यूनिट(50 पक्षी प्रति सदस्य)

घटक	विस्तृत प्रावधान
नाम	ग्रामीण कुक्कुट उद्यमिता- बैकयार्ड/लेयर यूनिट(50 पक्षी प्रति सदस्य)
उद्देश्य	स्वरोजगार सृजन; अंडा/मांस की उपलब्धता बढ़ाना
लाभार्थी/ पात्र संस्थाएँ	महिला स्वयं सहायता समूह/क्लस्टर हेतु बैकयार्ड/लेयर यूनिट, • 20 सदस्यीय स्वयं सहायता समूहों हेतु 1,000 लो-इनपुट पक्षी के बैकयार्ड/लेयर यूनिट(50 पक्षी प्रति सदस्य)- • टीकाकरण एवं फीड लिंकेज
पूंजीगत लागत	• 1,000 लो-इनपुट पक्षी के बैकयार्ड/लेयर यूनिट- ₹ 2.75 लाख (अनुमानित)
सहायता का पैटर्न	50% पूंजी अनुदान; 2 किश्तों में
आवश्यकताएँ	प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, पहचान पत्र, बैंक स्टेटमेंट
निगरानी	रोग निगरानी, आय ट्रैकिंग, वार्षिक समीक्षा

गतिविधि 1.6 : ग्रामीण एवं व्यावसायिक कुक्कुट उद्यमिता- ब्रॉयलर यूनिट:

घटक	विस्तृत प्रावधान
नाम	ग्रामीण एवं व्यवसाइक कुक्कुट उद्यमिता- ब्रॉयलर यूनिट
उद्देश्य	विकेन्द्रीकृत पोल्ट्री उद्यमों को बढ़ावा देना; स्वरोजगार सृजन; मांस की उपलब्धता बढ़ाना

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

लाभार्थी/ पात्र संस्थाएँ	व्यक्तिगत लाभार्थी को ब्रॉयलर यूनिट
ब्रॉयलर पालन इकाई	• व्यक्तिगत लाभार्थियों हेतु 5,000 पक्षियों के ब्रॉयलर यूनिट • टीकाकरण एवं फीड लिंकेज; बायोसिक्योर हाउसिंग
पूंजीगत लागत	**पूंजीगत लागत -** ₹ 21.75 लाख (अनुमानित) 5,000 पक्षियों के ब्रॉयलर यूनिट- भूमि विकास, फेंसिंग, शेड निर्माण, स्टोर निर्माण, जल व्यवस्था/ओवरहेड टैंक, फागर/ सप्रिनकलर, विद्युतीकरण, डीजी सेट, उपकरण आदि
सहायता का पैटर्न	50% पूंजी अनुदान; 2 किश्तों में; अधिकतम ₹ 10.87 लाख
आवश्यकताएँ	भूमि/लीज, प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, पहचान पत्र, बैंक स्टेटमेंट
निगरानी	रोग निगरानी, आय ट्रैकिंग, वार्षिक समीक्षा

गतिविधि 1.7 : 1000 प्रति सप्ताह क्षमता वाले इनक्यूबटोर, हैचर की स्थापना:

घटक	**विस्तृत प्रावधान**
नाम	1000 प्रति सप्ताह क्षमता वाले इनक्यूबटोर, हैचर की स्थापना (सोलर यूनिट 3 किलोवाट के साथ) से एवं वाणिज्यिक पोल्ट्री उद्यमिता प्रोत्साहन
उद्देश्य	विकेन्द्रीकृत पोल्ट्री उद्यमों को बढ़ावा देना; स्वरोजगार सृजन; गुणवत्ता युक्त चूजों की उपलब्धता बढ़ाना
लाभार्थी/ पात्र संस्थाएँ	व्यक्तिगत लाभार्थी, महिला स्वयं सहायता समूह
परियोजना लागत	1) 100 प्रति सप्ताह क्षमता वाला इनक्यूबेटर, हैचर सहित – ₹2,08,000/- 2) सोलर यूनिट (3 किलोवाट) – ₹1,32,000/- कुल लागत ₹3,40,000/-
सहायता का पैटर्न	50% पूंजी अनुदान 50% (अधिकतम ₹1,70,000/-) ; 2 किश्तों में
आवश्यकताएँ	पोल्ट्री फार्मिंग में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। सरकार/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों से पोल्ट्री फार्मिंग का प्रशिक्षण प्रमाणपत्र। (जिन लाभार्थियों ने पोल्ट्री फार्मिंग का प्रशिक्षण नहीं लिया है, उन्हें लाभ प्राप्त करने से पूर्व प्रशिक्षण लेना आवश्यक होगा। भूमि/लीज, प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, पहचान पत्र, बैंक

	स्टेटमेंट
नियम एवं शर्तें	1) चयन के उपरांत लाभार्थी को जिला उप आयुक्त (पशुपालन एवं डेयरी) द्वारा जारी सूचना की तिथि से एक माह के भीतर अंडा इनक्यूबेटर खरीदना होगा। 2) स्थापना के बाद अंडा इनक्यूबेशन प्रक्रिया तुरंत प्रारंभ करनी होगी। 3) निर्धारित समय सीमा में इनक्यूबेशन प्रक्रिया प्रारंभ न करने पर लाभार्थी को प्रतीक्षा सूची के अंत में स्थानांतरित कर दिया जाएगा तथा लाभ निरस्त माना जाएगा।
निगरानी	रोग निगरानी, आय ट्रैकिंग, वार्षिक समीक्षा
घटक	विस्तृत दिशानिर्देश

गतिविधि 1.8 : ग्रामीण एवं व्यावसायिक देशी कुक्कुट उद्यमिता – 1,000 देशी पक्षी इकाई

घटक	**विस्तृत प्रावधान**
नाम	ग्रामीण एवं व्यावसायिक देशी कुक्कुट उद्यमिता – 1,000 देशी पक्षी इकाई
उद्देश्य	देशी कुक्कुट पालन को बढ़ावा देना; ग्रामीण आजीविका एवं स्वरोजगार सृजन; पौष्टिक अंडा एवं मांस उत्पादन में वृद्धि; स्थानीय नस्लों के संरक्षण एवं संवर्धन को प्रोत्साहित करना
लाभार्थी/ पात्र संस्थाएँ	व्यक्तिगत लाभार्थी, महिला स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठन (FPO), उत्पादक समूह
देशी कुक्कुट पालन इकाई	•1,000 देशी पक्षियों की वैज्ञानिक पालन इकाई। •बायोसिक्योर शेड, ब्रूडिंग व्यवस्था एवं रन एरिया। •टीकाकरण, संतुलित आहार एवं पशु चिकित्सा सहायता। •जल एवं फीड प्रबंधन, स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था।
पूंजीगत लागत	• रू0 14.00 लाख • 1,000 देशी पक्षियों की इकाई हेतु भूमि विकास, फेंसिंग, शेड निर्माण, ब्रूडिंग व्यवस्था, फीड एवं स्टोर रूम, जल व्यवस्था/ओवरहेड टैंक, विद्युतीकरण, उपकरण, फीडर, ड्रिंकर, ब्रूडर, बायोसिक्योरिटी व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक अवसंरचना।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

सहायता का पैटर्न	50% पूंजी अनुदान; 2 किश्तों में; अधिकतम ₹ 7.00 लाख।
आवश्यकताएँ	भूमि/लीज, पोल्ट्री प्रशिक्षण प्रमाणपत्र (सरकार/मान्यता प्राप्त संस्थान), पहचान पत्र, बैंक स्टेटमेंट, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) (यदि आवश्यक हो)।
नियम एवं शर्तें	1. चयन के उपरांत निर्धारित अवधि के भीतर इकाई की स्थापना अनिवार्य होगी। 2. प्रथम किश्त प्राप्त होने के पश्चात शेड एवं आवश्यक अवसंरचना का निर्माण निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना होगा। 3. इकाई स्थापना के उपरांत निर्धारित संख्या में देशी चूजों का क्रय एवं पालन प्रारंभ करना अनिवार्य होगा। 4. टीकाकरण, बायोसिक्योरिटी एवं विभागीय तकनीकी मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।
निगरानी	रोग निगरानी, मृत्यु दर एवं उत्पादन ट्रैकिंग, आय आकलन, वार्षिक समीक्षा एवं विभागीय निरीक्षण।

गतिविधि 1.9 : विदेशी एवं विशिष्ट कुक्कुट उद्यमिता (एकल इकाइयाँ):

घटक	**विस्तृत प्रावधान**
नाम	जापानी बटेर, गिनी फाउल, बतख एवं टर्की इकाइयों की स्थापना
उद्देश्य	क्षेत्र का विविधीकरण; विशेष (निश) उद्यमों को बढ़ावा; क्षेत्र-विशिष्ट क्लस्टर; उच्च लाभ वाली मूल्य श्रृंखलाएँ
लाभार्थी/ पात्र संस्थाएँ	व्यक्तिगत लाभार्थी, विभिन्न उत्पादक समूह
न्यूनतम इकाई आकार	बटेर – 2,000; गिनी फाउल – 2,000; बतख – 1,000; टर्की – 2,000
अवसंरचना मानक	वैज्ञानिक शेड; जलवायु नियंत्रण; स्वचालित प्रणालियाँ; फेंसिंग; अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली; बतख के लिए तालाब; टर्की के लिए नियंत्रित आवास
क्लस्टर मॉडल	हब: ब्रीडर फार्म, हैचरी, फीड यूनिट, कोल्ड स्टोरेज, मिनी प्रोसेसिंग यूनिट स्पोक्स: ग्रो-आउट फार्म
प्रशिक्षण	अनिवार्य 7-दिवसीय उत्कृष्टता केंद्र प्रशिक्षण + बायोसिक्योरिटी +

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	वित्तीय साक्षरता
